लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी




अब व्हॉट्सएप से बुक कर सकते हैं बस टिकट...

हार्ले डेविंगसन की सबसे सस्ती बाइक हो गई ....


वर्ष : 09 | अंक : 250 | लखनऊ, 13 अगस्त, रविवार 2023 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 6304/ g

चांदी 77.50/ g

सेंसेक्स 66,060.90

निफ्टी 19,564.50

# मुख्यमंत्री ने 'नशा मुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश' अभियान का किया शुभारंभ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ब्यूरो। नशा, नाश का कारण है। नशा वास्तव में जवानी को समाप्त करने का एक कारण है और इससे जितना दूर रहकर हम स्वस्थ चिंतन को बढ़ावा दे सकें, उतना ही बेहतर है। उत्तर प्रदेश में 9 करोड़ युवा हैं। इन 9 करोड़ युवाओं के सपनों को नई उड़ान देनी है, उनके सपनों का उत्तर प्रदेश बनाना है तो उन्हें नशा मुक्त बनाने के इस पवित्र अभियान के साथ जोड़ना ही होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यह बातें अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'नशा मुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश' अभियान का शुभारंभ करते हुए कहीं। सीएम योगी ने प्रदेश के सभी युवाओं को नशा मुक्ति के इस सबसे बड़े अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2023 की थीम 'ग्रीन स्किल फॉर यूथ: टूवड्र्स सस्टेनेबल वर्ल्ड' रखी गई है। इस थीम के अनुरूप देश की सबसे बड़ी आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश को नशा मुक्त करना और नशा मुक्त करके सशक्त बनाना यानी 'नशा मुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश' के अभियान के साथ हम सब को जुड़ना होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मौजूद एनसीसी, स्काउट गाइड समेत तमाम संस्थाओं से जुड़े युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनिसेफ प्रदेश के अंदर अनेक कार्यक्रमों से जुड़ा हुआ है। तमाम ऐसी बीमारियां जो वर्षों से हमारे युवाओं, बच्चों को निगल जाती थीं। इंसेफेलाइटिस भी इनमें से एक था। यूनिसेफ जैसी संस्थाओं ने जब केंद्र और राज्य के साथ समन्वय किया तो आज इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियां खत्म हो गईं। हजारों ऐसे बच्चे जो असमय काल कवलित होते थे, उन बच्चों की जान बचाई जा सकी है। याद रखिए, बीमारी के खिलाफ सरकार का यह कार्यक्रम अगर सफलता को प्राप्त कर सकता है तो कृत्रिम रूप से जो बीमारियां मनुष्य पैदा करता है उसका समाधान क्यों नहीं हो सकता। जिस जवानी में व्यक्ति को स्वयं, समाज और देश के भविष्य के बारे में चिंतन करते हुए नए सपनों को बुनना और उसके अनुसार आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन उस समय यदि वो नशे का आदी हो जाएगा तो जैसे दीमक अंदर ही अंदर व्यक्ति को खोखला बना देता है, ऐसे ही नशा व्यक्ति को अंदर ही अंदर खोखला बना देता है। इसके बाद वह व्यक्ति किसी काम का नहीं रहता। वह परिश्रम नहीं कर सकता, उसके चिंतन की व्यवस्था समाप्त हो जाती है, किसी अभियान में जिस दृढ़ शक्ति के साथ उसे जुड़ना चाहिए, वो नहीं जुड़ सकता और अंततः वह एक समय काल कवलित हो जाता है।




## 9 करोड़ युवाओं के सपनों को देनी है नई उड़ान

सीएम योगी ने उदाहरण देते हुए कहा कि लोग तंबाकू, खैनी खाते हैं तो कुछ लोग ऐसा मसाला खाते हैं जो उनकी आदत का हिस्सा बन जाता है। उसके दांत खराब हो जाते हैं, सड़ जाते हैं। जो चीज खाने से दांत जैसी सॉलिड चीज नष्ट हो जाती है तो उसका जिह्वा पर क्या असर पड़ता होगा, लंग्स पर क्या असर पड़ता होगा, खाने की नली पर क्या असर पड़ता होगा, अमाशय पर क्या असर पड़ता होगा, आप सहज अनुमान लगा सकते हैं। इसलिए नशे से जितना दूर रह सकते हैं उतना ही उपयोगी होगा और उतना ही क्वालिटी ऑफ लाइफ के लिए लाभदायक होगा। सौभाग्य से दुनिया के अंदर सबसे ज्यादा 65 करोड़ युवा भारत के अंदर हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर 9 करोड़ युवा हैं। इन 9 करोड़ युवाओं के सपनों को नई उड़ान देनी है, उनके सपनों का उत्तर प्रदेश बनाना है तो उन्हें नशा मुक्त बनाने के इस पवित्र अभियान के साथ जोड़ना ही होगा। इसके लिए प्रदेश का युवा कल्याण विभाग जहां एक तरफ यूनिसेफ के साथ मिलकर व्यापक जनजागरूकता का अभियान चला रहा है तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के अंदर अपने युवाओं को इस रचनात्मक कार्यक्रमों से जोड़ने का अभियान चल रहा है। हर गांव में खेल का मैदान, हर ब्लॉक स्तर पर एक मिनी स्टेडियम, हर जनपद में एक स्टेडियम हो, ये सभी कार्यक्रम खेलकूद की रचनात्मक भावना पैदा करते हैं।

## पढ़ाई के साथ ही खेलों के लिए भी युवाओं को प्रोत्साहित कर रही सरकार

सीएम योगी ने कहा कि जो युवा पढ़ाई लिखाई में अच्छा है, उसको कंप्टीशन की तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उसके लिए कोचिंग की व्यवस्था है। एससी-एसटी के साथ ही शेष अन्य बच्चों के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की व्यवस्था है। दो करोड़ युवाओं को प्रदेश सरकार टैबलेट व स्मार्टफोन देकर तकनीक से जोड़ने का कार्य कर रही है। स्किल डेवलपमेंट का कार्य कर रही है। हमारा युवा स्वावलंबी बने और उसके स्वावलंबन से हमारा प्रदेश और देश आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर सके, इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के स्तर पर कई प्रयास किए गए हैं। ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाले एकल खिलाड़ी को प्रदेश सरकार अपने स्तर पर 6 करोड़ रुपए की नगद राशि दे रही है। 3 करोड़ रुपए सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को मिलते हैं तो ब्रांज मेडल जीतने पर भी खिलाड़ी को प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाती है। टीम गेम पर भी बहुत अच्छी राशि दी जाती है। इसीलिए खेल और खिलाड़ी इन दोनों के लिए जो मंच डबल इंजन की सरकार उपलब्ध करा रही है, उस मंच का बेहतर उपयोग करके अपनी ऊर्जा का प्रयोग रचनात्मकता के साथ करते हुए आगे बढ़ेंगे तो हमारा भविष्य उज्ज्वल होगा। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव, महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, विधायक डॉ. नीरज बोरा, अंबरीश सिंह, विधान परिषद के सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, उमेश द्विवेदी, लालजी निर्मल एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

## दिल्ली सेवा अधिनियम बन गया कानून, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद दिल्ली सेवा अधिनियम कानून बन गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1 अगस्त को लोकसभा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किया। यह विधेयक राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर विवादास्पद अध्यादेश को बदलने के लिए है। इसके बाद इसे 7 अगस्त को राज्यसभा में पारित कर दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी में नौकरशाहों पर केंद्र सरकार को अधिकार देने वाला विधेयक उच्च सदन में में भी पारित हो गया। विधेयक के पक्ष में 131 वोट आए थे जबकि 102 वोटों इसके खिलाफ थे। विधेयक में प्रस्तावित किया गया कि राष्ट्रीय राजधानी के अधिकारियों के निलंबन और पूछताछ जैसी कार्रवाई केंद्र के नियंत्रण में होगी। मणिपुर की स्थिति पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों में हंगामे के बीच इसे संसद में पेश किया गया था। सरकार द्वारा दिल्ली में सेवाओं और अधिकारियों की पोस्टिंग पर नियंत्रण के लिए संसद में एक विधेयक पेश किए जाने के बाद संसद का मानसून सत्र हंगामेदार रहा, अधिकांश विपक्षी दल इस विधेयक के खिलाफ थे।

## प्रधानमंत्री की तस्वीर और नारों के प्रिंट वाली पतंगों से गुलजार रहेगा आसमान

नयी दिल्ली। अगले साल होने वाले आम चुनाव की झलक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाली पारंपरिक पतंगबाजी के दौरान भी देखने को मिलेगी। इस बार 15 अगस्त पर दिल्ली और आसपास के इलाकों का आसमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर और डबल इंजन की सरकार, दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी और आजादी का अमृत महोत्सव जैसे नारों के प्रिंट वाली पतंगों से गुलजार रहेगा। दिल्ली और आसपास के इलाकों में पतंगबाजी कर स्वतंत्रता दिवस मनाने का रिवाज अरसे से रहा है। इसके मद्देनजर पुरानी दिल्ली के लाल कुआं और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में पतंगों का बाजार सजता है जहां राजनीतिक शख्सियतों और फिल्म जगत की हस्तियों के साथ-साथ अलग-अलग कार्टून किरदारों की तस्वीर वाली पतंगें उपलब्ध हैं।

## पुलवामा में शिविर के अंदर सीआरपीएफ के जवान की मिली लाश, आत्महत्या की आशंका

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान एक शिविर में मृत मिला है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि माना जा रहा है कि उसने आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे गोली चलने की आवाज आने के बाद अवंतीपुरा के चुरसू इलाके में सिपाही अजय कुमार मृत मिला। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं का मानना है कि उसने आत्महत्या की है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने एक बयान में कहा, आकलन के बाद एफ 112 बीएन सीआरपीएफ का एक जवान, सीटी अजय कुमार खून से लथपथ मृत पाया गया।

## पहले अधीर रंजन, अब राघव चड्ढा: सदन से कैसे निलंबित होते हैं सांसद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, फर्जी हस्ताक्षर मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को शुक्रवार को राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। चड्ढा का निलंबन नियम के घोर उल्लंघन, कदाचार, उद्दंड रवैया और अवमाननापूर्ण आचरण के लिए विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट लंबित होने के कारण सदन के नेता पीयूष गोयल के एक प्रस्ताव के बाद आया। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान करने के आरोप में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी को लोकसभा से निलंबित किए जाने के ठीक एक दिन बाद आया है। चौधरी के निलंबन का प्रस्ताव प्रल्हाद जोशी ने पेश किया था। विशेषाधिकार समिति को चौधरी के निलंबन की सूचना दे दी गई है। लेकिन सांसदों को संसद से कब निलंबित किया जाता है और उसके बाद क्या होता है? हंगामा करने, कामकाज में बाधा डालने और घोर कदाचार सहित अनियंत्रित व्यवहार के लिए सांसदों को संसद से निलंबित किया जा सकता है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को सदनों को सुचारू रूप से चलाने का काम सौंपा जाता है। प्रक्रिया और आचरण के नियमों के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष नियम 373 के तहत अव्यवस्थित आचरण के लिए किसी सदस्य को तुरंत सदन छोड़ने का आदेश दे सकते हैं।

# विरासत को आगे बढ़ाएं और अतीत से सीखें

## देश गुलामी की मानसिकता से मुक्ति की ओर बढ़ रहा : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्य प्रदेश के सागर में हैं। इस साल मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर उनका यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। अपने इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने रोड और रेल सेक्टर में राज्य को कई महत्वपूर्ण सौगात दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने संत रविदास स्मारक का भूमि पूजन भी किया है। माना जा रहा है कि इससे भाजपा आगामी चुनाव में पिछड़ों को साधने की कोशिश करेगी। इन सब के बीच अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ तौर पर कहा कि आज भारत लगातार तरक्की की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में भी विकास तेज गति से हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए एक नए युग की शुरूआत हो रही है। विकास और बेहतर सुविधाओं के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इसे साथ ही उन्होंने कहा कि विरासत को आगे बढ़ाते हुए अतीत से भी हमें सबक लेना होगा। अमृत काल में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी विरासत को आगे बढ़ाएं और अतीत से सीखें। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बोला। उन्होंने दावा किया आज देश गुलामी की मानसिकता से मुक्ति की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि मैं आपके परिवार का सदस्य हूं। भूखे रहने की तकलीफ क्या होती है, मैं समझ सकता हूं। यही कारण है कि गरीबों के लिए मुफ्त अन्न देने की योजना की शुरूआत हुई जिसका दुनिया भर में तारीफ हुआ। इससे पिछड़े-दलितों को काफी लाभ हो रहा है।



मोदी ने कहा कि देश पर जब मुगलों का शासन था तो समाज अस्थिरता, उत्पीड़न और अत्याचार से जूझ रहा था। उस समय भी रविदास जी समाज को जागृत कर रहे थे। वो उसकी बुराईयों से लड़ना सीखा रहे थे। उन्होंने कहा कि समरसता की भावना से ओत-प्रोत 20 हजार से ज्यादा गांवों की, 300 से ज्यादा नदियों की मिट्टी आज इस स्मारक का हिस्सा बनी है। उन्होंने कहा कि आज यहां कोटा-बिना सेक्शन पर रेल मार्ग के दोहरीकरण का भी लोकार्पण हुआ है। नेशनल हाईवे पर दो महत्वपूर्ण मार्गों का शिलान्यास भी किया गया है। विकास के ये काम सागर और आस पास के लोगों को बेहतर सुविधाएं देंगी। इसके लिए यहां के सभी भाई-बहनों को बधाई देता हूं।

# नड्डा ने बंगाल में पंचायत चुनाव में हुई हिंसा की तुलना विभाजन काल की उथल-पुथल से की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर निशाना साधते हुए पंचायत चुनावों के दौरान हुई हिंसा की तुलना विभाजन काल की उथल-पुथल से की। नड्डा ने यह भी दावा किया कि टीएमसी सुप्रीमो एवं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद को लोकतंत्र की हिमायती के रूप में पेश करती हैं, जबकि वह इसे कमजोर कर रही हैं। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार के मामलों में टीएमसी नेताओं की गिरफ्तारी पर ममता का मजाक उड़ाते हुए नड्डा ने कहा कि टीएमसी सरकार की अगली कैबिनेट बैठक जल्द ही जेल में होगी। नड्डा ने एक सभागार में पंचायत चुनावों में भाजपा के विजयी उम्मीदवारों और चुनावी हिंसा के कथित पीड़ितों को संबोधित करते हुए कहा कि टीएमसी शासन के तहत राज्य में जंगल राज चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, लोगों को बोलने की इजाजत नहीं है। बंगाल में कोई लोकतंत्र नहीं है।



पूरी तरह से अराजकता चल रही है, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश में लोकतंत्र की बात करती हैं और ऐसा व्यवहार कर रही हैं, जैसे वह लोकतंत्र की हिमायती हों। भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी द्वारा राज्य में भेजी गई तीन तथ्यान्वेषी टीम का जिक्र करते हुए कहा, रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्री को सौंप दी गई है। पश्चिम बंगाल में हिंसा हो रही है, हजारों भाजपा कार्यकर्ता बेघर हो गए हैं और ममता दीदी सबूत मांग रही हैं। यह राज्य की स्थिति है। इस बात पर जोर देते हुए कि आने वाले दिनों में भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से टीएमसी को हरा देगी, उन्होंने कहा कि कथित आतंकी रणनीति के बावजूद भाजपा ने पंचायत चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# केंद्र ने मणिपुर में अत्याचार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की : ममता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मणिपुर में अत्याचार में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। बनर्जी ने कहा कि पीएम केयर्स फंड, राफेल सौदे, नोटबंदी जैसे मुद्दों से घिरे प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार पर नहीं बोल सकते हैं। उनकी टिप्पणी से कुछ घंटे पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये जी-20 भ्रष्टाचार-रोधी मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त न करने की सख्त नीति है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री बिना किसी सबूत के विपक्ष पर आरोप लगा रहे हैं, क्योंकि भाजपा नहीं चाहती कि देश के गरीब लोग जीवित रहें। बनर्जी ने एक ऑडियो संदेश में कहा, प्रधानमंत्री देश को गुमराह कर रहे हैं। वह बिना किसी सबूत के बोल रहे हैं। भाजपा नहीं चाहती कि देश में कोई गरीब जीवित रहे। वह भ्रष्टाचार पर नहीं बोल सकते, क्योंकि भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप हैं, चाहे वह राफेल विमान सौदा हो या नोटबंदी।

बनर्जी ने कहा, भाजपा ने इस पूर्वोत्तर राज्य में अत्याचार में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। उनकी टिप्पणी जाहिर तौर पर प्रधानमंत्री के उस आरोप का जवाब है, जिसमें उन्होंने कहा था कि विपक्ष संसद में मणिपुर पर चर्चा नहीं चाहता था। उन्होंने आरोप लगाया, पश्चिम बंगाल में ग्रामीण चुनावों के दौरान उनके (भाजपा) द्वारा 15-16 लोगों की हत्या कर दी गई है। इस इन घटनाओं में उनकी (भाजपा की) संलिप्तता है।

# सरकार देश की सीमाओं की सुरक्षा में बीएसएफ की भूमिका से अवगत है, बेहतर सुविधाएं मुहैया कराएंगे : शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार उस प्रतिकूल स्थिति को समझती है जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए काम करते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार बीएसएफ को बेहतर सुविधाएं देने के लिए बजटीय आवंटन सुनिश्चित करेगी। शाह बीएसएफ लंगर (जहाज या नौका को बांधने वाला स्थान) स्थल की आधारशिला रखने और अन्य परियोजनाओं के ई-उद्घाटन के लिए गुजरात के कच्छ के कोटेश्वर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बीएसएफ एकमात्र ऐसा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है, जो जल, जमीन और हवाई क्षेत्र की सुरक्षा करने में माहिर है तथा बाहरी ताकतों से देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विविध भौगोलिक परिस्थितियों में काम करता है।



गृह मंत्री ने कहा, यह मत सोचिए कि सरकार को उस प्रतिकूल स्थिति का अंदाजा नहीं है जिसमें आप काम करते हैं। जब मैं (हरामी नाला) जाऊंगा, तो मुझे निश्चित रूप से एक बार फिर इसके (प्रतिकूल स्थिति के) बारे में सूचित किया जाएगा। शाह रविवार को कच्छ जिले में भारत और पाकिस्तान को अलग करने वाले क्रीक क्षेत्र हरामी नाला का दौरा करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने बीएसएफ जवानों को आश्वासन दिया कि आपकी सुविधा के लिए जो भी बजट आवंटित करने की आवश्यकता होगी वह आने वाले दिनों में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह रात में चैन की नींद सो पाते हैं क्योंकि बीएसएफ के जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए 365 दिन चौबीसों घंटे सतर्क रहते हैं। शाह ने कहा कि बीएसएफ को उन क्षेत्रों में सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है, जहां तापमान शून्य से 43 डिग्री नीचे से 43 डिग्री सेल्सियस तक रहता है और वे सुंदरबन (पूर्व में) और हरामी नाला से सटे क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए सतर्क रहते हैं।

मंत्री ने कहा कि भारत के विभाजन के बाद, बीएसएफ को पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी देश की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने कहा, तटीय सुरक्षा देश के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है।

# सांसदी लौटने के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल गांधी

## मणिपुर के बहाने मोदी सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा सदस्यता वापस पाने के बाद वायनाड में अपनी पहली सार्वजनिक बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड उनका परिवार है और भाजपा और आरएसएस यह नहीं समझते कि परिवार कैसे काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस नहीं समझते कि परिवार क्या होता है। वे यह नहीं समझते कि जितना अधिक वे आपको और मुझे अलग करने की कोशिश करेंगे, हम उतने ही करीब आएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वे सोचते हैं कि अगर हम राहुल गांधी को अयोग्य घोषित करते हैं, वायनाड के साथ उनका रिश्ता टूट जाएगा। अगर आप राहुल गांधी को अयोग्य घोषित करते हैं, तो वायनाड के साथ उनका रिश्ता और भी मजबूत हो जाएगा।



### सरकार पर निशाना

मणिपुर हिंसा को लेकर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि आप (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) 'भारत माता' की हत्या के बारे में बात करने में दो मिनट बिताते हैं। आपकी ऐसा करने की हिम्मत कैसे हुई? आप भारत के विचार का अनादर कैसे कर सकते हैं? आप वहां क्यों नहीं गए? आपने हिंसा को रोकने की कोशिश क्यों नहीं की? क्योंकि आप राष्ट्रवादी नहीं हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो कोई भी भारत के विचार की हत्या करता है वह राष्ट्रवादी नहीं हो सकता। उन्होंने दावा किया कि हर जगह खून है, हर जगह हत्या है, हर जगह बलात्कार है। मणिपुर में यही स्थिति है और प्रधानमंत्री ने संसद में 2 घंटे, 13 मिनट तक बात की, लेकिन उन्होंने मणिपुर पर 2 मिनट ही बात की। वह हँसे, मजाक किया। उनका मंत्रिमंडल हँसा, मजाक किया।

### मणिपुर के अपने अनुभव को किया याद

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, मणिपुर में हजारों लोग हैं जिन्होंने यह झेला है। किसी का घर जला दिया गया है, किसी की बहन के साथ बलात्कार किया गया है, और किसी के भाई और माता-पिता की हत्या कर दी गई है। यह ऐसा है जैसे किसी ने पूरे मणिपुर में मिट्टी का तेल फेंक दिया हो। और इसे आग लगा दो। उन्होंने कहा कि मैं कुछ समय पहले मणिपुर गया था। मैं 19 साल से राजनीति में हूं और मैंने कभी भी मणिपुर में जो अनुभव किया, वह अनुभव नहीं किया। मणिपुर के अपने अनुभव को याद करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने मणिपुर को मार डाला, हजारों महिलाओं के साथ बलात्कार की अनुमति दी।


Scanned by TapScanner

## संक्षेप

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अनियंत्रित गति से जा रहे ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी जिससे एक की मौके पर ही मौत होगयी जबकि दूसरा घायल होगया । शनिवार दोपहर कानपुर रामादेवी के शांतिनगर निवासी फरीद 40 व असद बाइक से अचलगंज थाना क्षेत्र के बन्थर चौराहे से शुक्लागंज की ओर जारहे थे । चौराहे से दो सौ मीटर आगे आयुष्मान ढाबे के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी । जिससे दोनो सड़क पर गिर पड़े । और फरीद ट्रक के पहिये के नीचे आगया। और उसकी मौके पर ही मौत होगयी ।असद उछल कर दूर जा गिरा और उंसके मामूली चोटें आई ।सूचना पर पहुंची बदरका चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजदिया है। ।घटना के समय फरीद बाइक चला रहा था व हेलमेट पहने था ।घायल असद ने बताया कि दोनों गंगा बैराज जारहे थे ।फरीद के एक बेटा व एक बेटी है ।

### छत से नीचे गिरने से युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी बीती रात छत पर सो रहे युवक को नीद मे लगी लघु संका के लिए उठते ही पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया जिसको परिजनो ने तुरत नजदीक सी एच सी सफीपुर ले गये जहाँ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओसिया मजरा निवासी मुनेश्वर पुत्र रामेश्वर बीती रात छत पर सो रहा था तभी लघु संका के लिए गया चलने से अचानक उसका पैर फिसल गया जिससे वह जमीन पर गीर गया उसे गहरी चोट लग गई परिजन उपचार के लिए नजदीक सी एच सी सफीपुर ले गये जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### खेत पर काम कर रहे किसान को सर्प ने डंसा, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। धान की फसल में पानी लगा रहे किसान को जहरीले सांप ने काट लिया परिजन युवक को सी एच सी लेकर आए गंभीर हालत देखते डॉ ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया थाना बेहटामुझवार क्षेत्र के गुलाब खेड़ा निवासी नीरज 20 वर्ष पुत्र गंगाराम बीती शाम अपने खेत में खड़ी धान की फसल में पानी लगा रहा था तभी उसे जहरीले सांप ने काट लिया परिजन युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांगरमऊ लेकर आए गंभीर हालत देखते डॉ ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

# केन्द्रीय विद्यालय में योग, तैराकी, चेस, ताइक्वांडो, स्केटिंग, टीम प्रतियोगिता के लिए रवाना

अमन लेखनी समाचार




हसनगंज, उन्नाव। केन्द्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ सम्भाग द्वार 52 वी खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है इसमें उन्नाव के भी प्रतिभागी योग ,तायक्वोंडो, चेस, स्विमिंग ,स्केटिंग की टीम बुधवार को रवाना हुई !जो कि 10 से 13 अगस्त तक कानपुर बनाम लखनऊ में खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है बुधवार को योग ताइक्वांडो तैराकी शतरंज स्केटिंग बालक वर्ग की टीम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए रवाना की गई है इसमे योग टीम का कप्तान आदित्य को बनाया गया है विद्यालय के खेल कूद शिक्षक डॉक्टर अश्विनी कुमार ने बताया कि संभागिय प्रतिभाएं दो चरणों में थी जो कि प्रथम चरण बालिका वर्ग की प्रतियोगिता संपन्न हो चुकी है और दूसरे चरण बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं बृहस्पतिवर से शुरू होगी रविवर को संपूर्ण होगी बताय की योग टीम केंद्रीय विद्यालय कैंट लखनऊ के लिए वी टायराकी टीम केवी गोमती नगर लखनऊ और तायक्वोंडो की टीम केवी कैंट कानपुर स्केटिंग केवी चकेरी दो कानपुर के लिए रवाना की गइ है विद्यालय के प्राचार्य महिपाल सिंह व प्राचार्य अजय सक्सेना ने खिलाड़ियों को जीत के लिए अग्रिम शुभकमनाएं दी है कोच की भूमिका में नियुक्त टीम के कोच श्री रत्नेश शंकर,दीपक कुमार सुरेश राय सतीश कुमार द्विवेदी पवन कुमार प्रजापति संदीप यादव कोच की भूमिका में नियुक्त किये गये हैं इसी दौरान में निपेन्द्र कुमार प्रीति गुप्ता, जीतेन्द्र कुमार मौजुद रहे !

# 151 मीटर तिरंगे व भव्य झांकियो के साथ निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अखण्ड भारत के संकल्प के उपलक्ष्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आगामी 14 अगस्त को नर सेवा - नारायण सेवा वा हिन्दू जागरण मंच की प्रस्तावित तृतीय विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है । 151 मीटर तिरंगा, भव्य झांकियां, आर्मी बैंड रहेंगे आकर्षण का मुख्य केंद्र यात्रा का शुभारंभ वीर नारियां करेंगी व प्रशासनिक अधिकारी व समाजसेवी संगठनों के साथ जिले के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी तिरंगा यात्रा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने शहर के डाक बंगले पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान में कही। श्री द्विवेदी ने बताया कि तैयारियों के क्रम में कचेहरी के पास तिरंगा यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर एक सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा किया गया था। साथ स्कूलों से नगर के प्रबुद्धजनों, व्यापारियों से मिलकर यात्रा में शामिल होने की अपील की गई हैं। विमल द्विवेदी ने बताया 151 मीटर तिरंगे के साथ निकलने वाली यात्रा को भव्यता,दिव्यता मिल सके इसलिए अधिक से अधिक नगरवासी व जनपदवासी इसमें जरूर शामिल हो ।उन्होंने मीडिया के माध्यम से पुनः गत वर्षों की भांति सभी सम्मानित नगरवासियों, जनपदवासियों सहित सभी धर्मो के धर्म गुरुवो व सभी धर्मो के लोगो से 14 अगस्त को दोपहर 11 बजे रामलीला मैदान से यात्रा में शामिल होने की अपील की । इस मौके पर तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी , सुरेश सिंह , राघवेंद्र ,मनीष ,परिमल ,शिवसेवक अभिषेक, मनीष अवस्थी ,अखिल मिश्रा , अधिवक्ता विकास तिवारी , विकास सिंह सेंगर आदि लोग मौजूद रहे।

# थाना परिसर में समाधान दिवस का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अन्तर्गत थाना बारासगवर व थाना बिहार में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। थाना बारासगवर में उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी मायाराय की उपस्थिति में समाधान दिवस आयोजित हुआ।मौके पर थाना प्रभारी बृजमोहन सैनी उपस्थिति रहे। समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र आये जिनमे 5 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया ।थाना बिहार में नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला की उपस्थिति में समाधान दिवस आयोजित हुआ ।समाधान दिवस में कुल 7 प्रार्थना पत्र हुए। जमीन सम्बंधित मामलों का निस्तारण जांच उपरांत करने का आदेश नायाब तहसीलदार अशोक शुक्ला द्वारा दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी संदीप शुक्ला सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा निकालेगा प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में चल रहें अभियानों हर घर तिरंगा मेरी माटी मेरा देश में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी कार्यालय उन्नाव पर जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार के नेतृत्व में युवा मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें युवा मोर्चा को को अभियान जागरूकता हेतु प्रत्येक मंडल पर तिरंगा यात्रा निकालने की योजना बनाई गई।

जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में मोटरसाइकिल रहे जो प्रत्येक शक्तिकेंद्र से आई हों और कोई यात्रा सभी शक्तिकेंद्रो तक पहुंचे यात्रा निकालते वक्त ध्यान रखें कि यह यात्रा भाजपा द्वारा निकाली जा रही है अनुशासन में रहें यात्रा में एंबुलेंस इत्यादि वाहनों को प्राथमिकता से निकलने दें।युवा मोर्चा के जिला प्रभारी जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन ने बताया की माटी को नमन वीरों को वंदन में अधिक से अधिक युवाओं की प्रतिभागिता करवानी है।बैठक में युवा मोर्चा जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह, अंकित यादव जिला उपाध्यक्ष नमन बाजपेयी, जिला कोषाध्यक्ष शिवेंद्र अवस्थी मंडल अध्यक्ष अंकुर सिंह, विमल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# दोस्तों के साथ गंगा नदी में नहाने गया किशोर डूबा,साथी छोड़कर भाग निकले

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। दोस्तों के साथ मल्हन पुरवा संपर्क मार्ग पर नहाने गया एक किशोर गहरे पानी में डूब गया। उसके साथी भाग गये। किशोर को डूबता देख निकल रहें राहगीरों ने तुरंत गंगा में कूदे और उसे निकालकर बाहर लाए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में अपने दोस्तों के साथ गंगा कटान वाले इलाके में नहाने गया किशोर गहरे पानी में डूब गया। यह देख उसके साथी दहशत में आकर यहा से भाग लिये। युवक की चीख पुकार सुनकर मार्ग से गुजर रहे लोग युवक को बचाने के लिये नदी में कूद गए और 20 मिनट बाद किशोर को बाहर निकालकर ला पाए। लेकिन तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी ह्रदय विदारक घटना से स्वजन बेहाल रहे।

जानकारी के मुताबिक बताने की बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर कट्टूर गांव निवासी 18 वर्षीय मृतक शिवा पुत्र शिव कृष्ण अपने दो दोस्तो के साथ देर शाम लगभग 5 बजे घूमने गया था। इसी बीच यह दिल दहला देने वाली घटना घटी और चारो ओर मातम पसर गया। इसी बीच मौके पर क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार भी पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस मामले की पूरी जांच पड़ताल की जा रही है।

# नर्सिंग होम संचालकों के साथ एसडीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कस्बे में चल रहे नर्सिंग होम को लेकर तहसील प्रशासन हुआ सख्त सभी नर्सिंग होम संचालकों को बुलाकर चिकित्सा अधीक्षक की मौजूदगी में एस डी एम ने दिए सख्त निर्देश कहा कि सभी नर्सिंग होम मानक के अनुसार ही संचालित होने चाहिए अगर कोई भी नर्सिंग होम मानक के विपरीत मिला तो उस पर की जाएगी सख्त से सख्त कार्यवाही

बताते चले की सफीपुर में कस्बे में लगभग एक दर्जन नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं सूत्र बताते हैं कि कुछ नर्सिंग होम ऐसे भी है जिनके पास चिकित्सक तक नहीं है जब भी कोई मरीज आपरेशन की स्थित में होता है तो ये लोग बाहर से चिकित्सक बुलाते है अक्सर ऐसा भी देखने को मिला की आपरेशन के दौरान मरीज की मौत तक हो गई कुछ ऐसे भी संचालित है जिनका रजिस्ट्रेशन तक समाप्त हो गया लेकिन फिर भी वो अपनी दुकान संचालित कर रहे हैं समय समय पर इन नर्सिंग होम संचालकों पर कार्यवाही भी की गई इन्ही बातो को लेकर उप जिला अधिकारी रामदेव निषाद ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर के वर्मा की मौजूदगी में कस्बे के सभी नर्सिंग होम संचालकों को बुलाकर मीटिंग की और सभी संचालकों को निर्देशित किया कि वो अपना अपना अस्पताल मानक के अनुसार ही संचालित करे अगर बिना मानक के कोई भी अस्पताल संचालित पावा गया तो उस पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध मिट्टी खनन करते जेसीबी मशीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। अवैध मिट्टी खनन करते समय मिट्टी खनन में संलिप्त 12 ट्रैक्टर ट्राली एक जेसीबी मशीन को तहसील प्रशासन ने पकड़ कर संबंधित थाना प्रभारी की सुपुर्दगी में सौंपा तहसील बीघापुर व थाना बीघापुर के अंतर्गत ग्राम मानपुर में शुक्रवार देर रात मिट्टी खनन का कार्य हो रहा था किसी व्यक्ति ने फोन से उप जिलाधिकारी को सूचना दी सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी क्षितिज द्विवेदी व नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला मिट्टी खनन में संलिप्त 12 ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर कार्रवाई के लिए बीघापुर थाने को सुपुर्द कर दिया। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में रात के अंधेरे में मिट्टी खनन का कार्य किया जा रहा था। उप जिलाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि खतौनी गाटा नंबर 466रकबा 0.550हेक्टेयर स्थित ग्राम मानपुर सहखाते दार मुन्नर कुमार पुत्र राधा मोहन ने अपनी भूमि क्रय संदीप कुमार पुत्र अमर नाथ हाथ क्रय किया था जो बिना परमिशन मिट्टी का खनन किया जा रहा था मौके पर पहुंच कर टैक्टर टाली व जे सी बी मसीन को थाना प्रभारी को सुपुर्द कर दिया।

# थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान बिछिया के नायब तहसीलदार अविनाश चौधरी पहुंचे और कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने फारियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 23 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें 21 मामले राजस्व से संबंधित आए। जिसमें एक मामले का निस्तारण करा दिया गया। अन्य को निस्तारण के लिये लेखपाल को सौंपा गया है। वहीं दो मामले पुलिस से संबंधित भी आये। उसमें भी एक मामले का निस्तारण करा दिया गया।

# अनियंत्रित कार ने कई दुकानों में मारी टक्कर



अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सीतापुर मिश्रिख निवासी विश्वजीत परिवार सहित कार से कानपुर जा रहा था। तभी आजाद मार्ग मोड़ के पास एक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई। जिस पर कार ने पान मसाले की गुमटी और चाट बताशे के ठेले में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे केटीएम बाइक जोकि कृष्णा साहू की थी एक चाट का ठेला जिसमें सलीम पुत्र खय्याम निवासी आजाद नगर उम्र 15 वर्ष जोकि गंभीर रूप से घायल है। वहीं दुर्घटना देख डीएम रूक गई और इंस्पेक्टर को बुलाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# गैस पाइप लाइन फटी, गैस रिसाव से मची अफरा तफरी



अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गुरुवार शाम विद्युत विभाग की ओर से अंबिकापुर गली में विद्युत पोल लगाने का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान कर्मचारियों ने पोल लगाने के लिए जेसीबी से खुदाई करा दी। जिससे भूमिगत पड़ी सी यू जी एल गैस की पाइपलाइन फट गई। गैस रिसाव होने से मौजूद बिजली विभाग के कर्मचारी और क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मच गया। रिसाव की जानकारी सी यू जी एल अधिकारी को दी गई। सूचना पर सी यू जी एल के मोहित सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद टीम ने मरम्मत कार्य शुरू कराया। इस दौरान देर रात तक मरम्मत कार्य चला। जिस कारण घरों को होने वाली गैस आपूर्ति भी बाधित रही।

जिससे लोगों को समस्या उठानी पड़ी। वहीं रात करीब 10रू00 बजे मरम्मत होने के बाद आपूर्ति चालू हुई। वही गैस रिसाव की घटना होने से आसपास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया।

# सड़क हादसे में बेटे की मौत, माता-पिता की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार




नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज राजमार्ग पर नहर पुल के समीप बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिस पर सवार माता-पिता समेत बेटा तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें 108 एम्बुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। वही माता-पिता को नाजुक हालत के चलते अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अचलगंज थाना क्षेत्र के भुभवार कोरारी निवासी रजोल पुत्र हीरालाल 55 वर्ष शनिवार सुबह घर से अपनी पत्नी मीरा 55 वर्ष व पुत्र अनु उम्र 30 वर्ष के साथ बाइक से लखनऊ निवासी बहन के घर जा रहा था। इस दौरान नवाबगंज कस्बे के आगे नहर पुल के समीप उसे नींद आ गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें तीनो गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने अनु को मृत घोषित कर दिया वही माता-पिता को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन समेत मृतक की पत्नी काजल व उसके बेटे व बेटी का रो रोकर बुरा हाल था।

Scanned by TapScanner

बुकिंग

# अब व्हॉट्सएप से बुक कर सकते हैं बस टिकट

रेड बस देश का जाना माना टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म में से एक है। अब रेड बस ने आसानी से टिकट बुक करने के लिए एक नया तरीका पेश किया है। यात्री अब सीधे व्हॉट्सएप पर रेडबस चैटबॉक्स के जरिए अपना टिकट बुक कर सकते हैं। रेड बस के मुताबिक इस चैटबॉट को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यात्री आसानी से बिना किसी परेशानी के टिकट बुक कर सकते हैं। इसके साथ ही इसमें इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप दुनियाभर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला प्लेटफॉर्म है। और भारत में इस मैसेजिंग ऐप के सबसे ज्यादा एक्टिव यूजर्स हैं। शायद यही कारण है कि रेड बस ने व्हॉट्सऐप की लोकप्रियता और सुविधा को ध्यान में रखकर नई बुकिंग प्रोसेस को शुरू किया है। वहीं रेड बस के मुताबिक, नए व्हॉट्सऐप चैटबॉक के साथ बुकिंग प्रोसेस ना केवल आसान होगा बल्कि यूजर्स को रियल टाइम मदद और सुजाव भी ऑफर किए जाएंगे।

## बुकिंग करने के लिए स्टेप बाय स्टेप

सबसे पहले अपनी व्हॉट्सऐप कॉन्टेक्ट लिस्ट में रेड बस चैटबॉट नंबर 8904250777 सेव कर लें। उसके बाद व्हॉट्सऐप मैसेज में जाएं और रेड बस चैटबॉट के नाम से सेव किए गए नंबर पर Hi लिखकर भेजें। अब चैटबॉट आपका स्वागत करेगा। आपकी प्रीफर्ड लैंग्वेज पूछेगा। लैंग्वेज के लिए आप अंग्रेजी या हिन्दी में से एक विकल्प चुन सकते हैं। इसके बाद Book Bus Ticket ऑप्शन चुनें। फिर अपनी लोकेशन शेयर करें और वेरिफाई करें।

इसके बाद अपनी यात्रा की जानकारी एंटर करें और continue पर टैप करें। इसमें आप अपनी जरूरत के हिसाब से बस बुक कर सकते हैं। अब अगले स्टेप में आपके द्वारा दी गई जानकारी जैसे टाइम और किराये के मुताबिक बस की जानकारी दिख जाएगी।

अब पैसेंजर डिटेल्स भरें और अपना ड्रॉपिंग पॉइंट सिलेक्ट करें। इसके बाद अपनी जरूरत के मुताबिक पेमेंट मेथड चुनें।

आखिर में टिकट कन्फर्मेशन मिलने के बाद आपको व्हॉट्सऐप चैट पर टिकट की डिटेल और ई-टिकट मिल जाएगा।

# हार्ले-डेविडसन की सबसे सस्ती बाइक हो गई महंगी



हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी गठबंधन साझेदार हार्ले डेविडसन के हाल में पेश मॉडल हार्ले-डेविडसन एक्स440 की कीमतों में 10,500 रुपये की बढ़ोतरी करने की बुधवार को घोषणा की। हार्ले डेविडसन ने इस मॉडल को पिछले महीने 2.29 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर भारतीय बाजार में पेश किया था। भारतीय बाजार में हार्ले-डेविडसन की हीरो मोटोकॉर्प के साथ साझेदारी है। अब कीमत बढ़ने के बाद हार्ले-डेविडसन एक्स440 मॉडल की कीमत 2,39,500 रुपये से शुरू होगी। कीमत में बढ़ोतरी इस मॉडल के सभी संस्करणों पर लागू होगी। हालांकि, हीरो मोटोकॉर्प ने बयान में कहा कि हार्ले-डेविडसन एक्स440 तीन अगस्त तक 2.29 लाख रुपये के मौजूदा भाव पर ही उपलब्ध रहेगी। ग्राहक वेबसाइट पर जाकर इसकी ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता ने कहा, ''एक्स440 मॉडल को पेश किए जाने के साथ ही बहुत जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इसकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

## दाम बढ़े

दोपहिया वाहन निर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने बुधवार को नई भारतीय हार्ले-डेविडसन मोटरसाइकिल की कीमतें 10,500 रुपये बढ़ा दीं। हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी गठबंधन साझेदार हार्ले डेविडसन के हाल में ही मॉडल हार्ले-डेविडसन एक्स440 पेश किया था। भारत में हार्ले-डेविडसन की हीरो मोटोकॉर्प के साथ साझेदारी है। हार्ले-डेविडसन एक्स440 को पिछले महीने 2.29 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर भारतीय बाजार में पेश किया था। अब कीमत बढ़ने के बाद हार्ले-डेविडसन एक्स440 मॉडल की कीमत 2,39,500 रुपये से शुरू होगी। कीमत में बढ़ोतरी इस मॉडल के सभी संस्करणों पर लागू होगी। हालांकि, एक्स440 तीन अगस्त तक 2.29 लाख रुपये के मौजूदा भाव पर ही उपलब्ध रहेगी।

## रॉयल एनफील्ड को देता है चुनौती

हार्ले ने 2020 में देश में अपने अधिकांश डीलर नेटवर्क से बाहर निकलने और बंद करने के बाद भारत में अपनी ब्रांडेड बाइक की एक श्रृंखला विकसित करने और बेचने के लिए दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल निर्माता हीरो के साथ साझेदारी की, जिसकी शुरुआत ड्ड440 से हुई। हार्ले ने भारत में अपने सबसे सस्ते मॉडल का अनावरण किया। हार्ले डेविडसन ड्ड440 एक सिंगल सिलेंडर, 440cc मोटरसाइकिल है जिसका लक्ष्य सीधे रॉयल एनफील्ड के 350cc को चुनौती देना है। इसे ऑफिशियल डीलरशिप के जरिए 25 हजार रुपये जमा करके बुक कराया जा सकता है।

## पहली भारत में बनी हार्ली-डेविडसन बाइक

रॉयल एनफील्ड भारत में 200cc से ऊपर के मोटरसाइकिल सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिकती है। हार्ले डेविडसन ड्ड440 की कीमत आक्रामक रूप से रखी गई है - ? 2.3 लाख से शुरू हो रही है। यह सबसे ज्यादा बिकने वाली रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 के शीर्ष मॉडल से कुछ हजार रुपये अधिक है। इसके विपरीत, भारत में वर्तमान में बिक्री पर सबसे सस्ती हार्ले नाइटस्टर है, जिसकी कीमत 17.49 लाख (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। यह पहली हार्ली-डेविडसन बाइक है जो पूरी तरह से भारत में बनी है। हार्ली-डेविडसन और हीरो मोटोकॉर्प की साझेदारी से इसे तैयार किया गया है।

## ये है कीमत

ऑफर पर कुल तीन वेरिएंट हैं - बेस वेरिएंट डेनिम 2.29 लाख रुपये में, मिड-स्पेक विविड 2.49 लाख रुपये में और टॉप स्पेक ट्रिम एस 2.69 लाख रुपये में। सभी कीमतें एक्स-शोरूम हैं। मोटरसाइकिल में एक रेट्रो स्ट्रीट डिज़ाइन है, जो हार्ले ड्ड्रा200 से प्रेरणा लेता है। यह अपने 2-वाल्व, ऑयल कूल्ड मोटर से क्लास-अग्रणी 27 पीएस की पावर, 38 एनएम का टॉर्क बनाता है और इसमें छह-स्पीड गियरबॉक्स है। कंपनी का दावा है कि यह एक लीटर ईंधन में 25 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकती है। बेस वेरिएंट वायर स्पोक रिम्स के साथ आता है, जबकि अधिक महंगा वेरिएंट अलॉय व्हील और दो-टोन रंग विकल्पों के साथ आता है।



# अगर आप भी ट्विटर इस्तेमाल करते हैं तो बन सकते हैं मालामाल

अगर आप भी कॉन्टेंट क्रिएटर और इन्फ्लुएंसर हैं तो आप भी ट्विटर से पैसा कमा सकते हैं। दरअसल, कई लोग एलन मस्क के के नए लॉन्च किए गए एड रेवन्यू प्लान से पैसा कमाना शुरू कर चुके हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आखिर ट्विटर के ऐड रेवन्यू प्लान का मतलब क्या है और आप इससे पैसे कमा सकते हैं।

## नियमों का पालन करना जरूरी

अगर आपके ट्वीट्स को काफी पढ़ा जाता है या आप कॉन्टेंट क्रिएटर हैं तो आप भी अब ट्विटर से पैसा कमा सकते हैं। पिछले एक दो दिन में कुछ यूजर्स ने पैसा कमाने के दावे के साथ पोस्ट भी किया है। लेकिन इस प्लान के तहत आपको कुछ नियमों का पालन करना होगा।

## कैसे कमा सकते हैं पैसे?

इस प्लान में सिर्फ वही कॉन्टेंट क्रिएटर और इन्फ्लुएंसर शामिल हो सकते हैं जिन्हें पिछले 3 महीनों में प्रत्येक पोस्ट पर कम से कम 5 मिलियन इंप्रेशन मिले हों। साथ ही उनके पास एक स्ट्राइप भुगतान खाता भी होना चाहिए। जरूरी है कि कॉन्टेन्ट क्रिएटर का ड्ड अकाउंट वैरीफाइड हो और उनके अकाउंट पर 500 से ज्यादा फॉलोअर्स हों। कई ट्विटर यूजर्स ने द्वारा हासिए किए पैसों के मैसेज का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है।

# यामाहा ने अपनी फेमस बाइक को लांच किया डार्क नाइट एडिशन के साथ



यामाहा ने अपनी सबसे ज्यादा प्रचलित और मोस्ट डिमांडिंग बाइक को अपडेट कर दिया है, बता दें कि इस बाइक को एक नई डार्क नाइट कलर स्कीम के तहत लॉन्च किया गया है और यह रेड, ब्लू और इंटेंसिटी व्हाइट रंगों में शोरूम में उपलब्ध है। इस बाइक के तीन वेरिएंट लॉन्च किए गए, तीनों वैरिएंट की कीमत क्रमशः 1.81 लाख रुपये, 1.82 लाख रुपये और 1.86 लाख रखा गया है। जानकारों का कहना है कि इस बाइक के कलर में ही बदलाव किया है, बाकी सारे फीचर आपको पहले की तरह ही मिलने वाले हैं।

अब आप कहेंगे कि सिर्फ कलर में बदलाव कौन सी बड़ी बात है तो आपको बता दें कि Yamaha Rvz Vy Dark Knight काफी फेमस बाइक है यामहा की और इस बाइक की दीवानगी कितनी है, यह बताने की जरूरत नहीं है। जहां तक कलर की बात है, तो बता दें कि यामाहा ने इस फेमस बाइक को अब तक सिर्फ दो कलर में लाती थी, मैट फिनिश और गोल्ड हाइलाइट्स में ऑल-ब्लैक बॉडीवर्क मिलता है, लेकिन इस बाइक के तीन और नए कलर वैरीअंट आ जाने के बाद से इसके शौकीनों की चांदी हो गई है और अब वह अपने मन पसंदीदा बाइक को और भी अधिक कलर में चुन सकते हैं।

यामाहा की शानदार बाइक में आपको 155cc का सिंगल सिलेंडर इंजन मिलता है, जोकि लिक्विडकूल इंजन होता है। इसका इंजन 18.4bhp का पावर और 14.2Nm का टॉर्क जेनरेट करता है। बाइक में आपको सिक्स स्पीड गियर बॉक्स मिलता है जिसमें ट्रांसमिशन ड्यूटी के लिए असिस्ट और स्लिपर क्लच भी मिलता है।

इस बाइक में आपको एक यूएसडी फोर्क अपफ्रंट और मोनोशॉक रियर सस्पेंशन सेटअप मिलता। इस हेवी बाइक में ब्रेकिंग के लिए 282 मिमी फ्रंट डिस्क और 220 मिमी रियर डिस्क ब्रेक दिया गया है। यामाहा की इस बाइक में dual-channel (ABS) सिस्टम मिलता है जिसे एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम कहा जाता है।

## नई एडवांस ट्रैवल फ्रेंडली स्पोर्ट्स साइकिल



स्पोर्ट्स इक्विपमेंट, कपड़ों और एक्सेसरीज के ब्रांड प्लेआर ने हाल ही में स्पोर्ट्स साइकिल लॉन्च की है, जो खास ट्रैवल और एडवेंचर को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई है। प्लेआर, सीएसके, एमआई, आरआर और पीबीकेएस सहित विभिन्न आईपीएल फ्रेंचाइजी का ऑफिशियल मर्चेंडाइजर पार्टनर है। प्लेआर साइकिल उन लोगों के लिए आदर्श और ट्रैवल फ्रेंडली है, जो वीकेंड में थ्रिल और एडवेंचर का आनंद लेना चाहते हैं। ये उपयोगकर्ता के जरुरत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। ब्रांड साइकिल चलाने का अनुभव आनंददायक होना चाहिए और प्लेआर सवार के आराम के मूल्य को समझता है। प्लेआर साइकिलों की एक विस्तृत श्रृंखला लेकर आया है जो अन्य साइकिलों की तुलना में चलाने में कुशल होने के साथ-साथ लंबे समय तक चलने में भी कुशल हैं। इसे विशेष रूप से भारत में निर्मित और डिज़ाइन किया गया है। प्लेआर अपने ब्रांड के साथ जुड़े लोगों को फिट रहने और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता है। ब्रांड की टैगलाइन भी यही कहती है, चलो खेलें।

उत्पाद/ बाजार/ कॉरपोरेट

## केएसबी लिमिटेड ने 24.8 फीसदी बिक्री वृद्धि दर्ज की!

भारत में अग्रणी पंप और वाल्व निर्माताओं में से एक, केएसबी लिमिटेड ने 2022 (जनवरी से जून 2022) की तुलना में (जनवरी से जून 2023) की अपनी हॉफ ईयरली सेल में 10,809 मिलियन रुपए की सेल वैल्यू के साथ 24.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। कम्पनी के अनुसार 2022 की पहली छमाही की तुलना में बिक्री में 24.8 फीसदी की वृद्धि हुई। दूसरे क्वार्टर में ऑर्डर इनटेक 6165 मिलियन रुपए के साथ 2022 की दूसरे क्वार्टर की तुलना में 26 फीसदी बढ़ा है। निर्यात कारोबार में तेजी देखी जा रही है। जोनल ऑफिस कोलकाता नए स्थान पर स्थानांतरित हो गया है। 10 जुलाई 2023 को नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। सभी प्लांट में वेयर हाउस मैनेजमेंट का सफल कार्यान्वयन। कमोडिटी कीमतों में स्थिरता के संकेत दिख रहे हैं। अग्निशमन पंपों के लिए एफएम पैकेजर प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। सोलर व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि - एसईसीआई (सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) टेंडर में क्वालिफिकेशन। क्रिसिल द्वारा रेटिंग के अनुसार स्ट्रांग गवर्नेंस स्कोर 70 और ओवरऑल ईएसजी स्कोर 56 है। यह स्कोर 2022 को समाप्त वर्ष के लिए बिजनेस रिस्पांसिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट (बीआरएसआर) प्रकाशित करने से पहले 2022 में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध जानकारी पर आधारित है।

## सबसे बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रमों में से एक, द मॉमप्रेन्योर्स शो का अनावरण किया

भारत के अग्रणी टॉक्सिन-फ्री एवं प्राकृतिक पर्सनल केयर डी2सी मदर एंड बेबी ब्रांड, द मॉम्स एंड कंपनी ने भारत के पहले मॉमप्रेन्योर्स अभियान एवं शो - द हंट फॉर इंडियाज़ टॉप मॉम-लेड स्टार्टअप्स के लॉन्च की घोषणा की है। यह अभिनव अभियान पूरे भारत से मॉम माईक्रो एंट्रप्रेन्योर्स को सशक्त बनाने व मेंटर करने के लिए शुरू किया गया है। फिक्की फ्लो एंड एस्पायर फॉर हर के साथ साझेदारी में द मॉम्स कंपनी मॉमप्रेन्योर्स शो द्वारा यह ब्रांड एक ऐसा मंच प्रदान करना चाहता है, जो मॉमप्रेन्योर्स का सफर आसान बनाए, उनके विषय में महत्वपूर्ण वार्ताएं छेड़े, चुनौतियों को संबोधित करे, और एक ऐसे वातावरण का विकास करे, जिसमें माँएं आगे बढ़ सकें।

## स्लैक द्वारा किए गए नए अध्ययन में सामने आया कि लगभग 75 प्रतिशत भारतीय डेस्क कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने के लिए एआई और ऑटोमेशन अपना रहे हैं

स्लैक ने अपनी नई स्टेट ऑफ वर्क रिपोर्ट के परिणाम जारी किए, जिनमें सामने आया कि भारतीय संगठन अपने कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए इनोवेटिव और प्रभावशाली विधियाँ तलाश रहे हैं। यह रिपोर्ट 2000 से भी ज्यादा भारतीय डेस्क कर्मचारियों पर किए गए एक सर्वे पर आधारित है, जिसमें सामने आया कि एआई और ऑटोमेशन क्षमताओं में बार-बार होने वाले, ज्यादा समय लेने वाले कार्यों को स्ट्रीमलाईन एवं ऑप्टिमाईज़ करने की क्षमता है ताकि भारतीय डेस्क कर्मचारी ज्यादा महत्वपूर्ण और सामरिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। ये परिणाम स्लैक द्वारा नौ देशों में 18,000 से ज्यादा कर्मचारियों के बीच किए गए सर्वे का हिस्सा हैं।

डिजिटल

# रिलायंस डिजिटल फिर लेकर आ गया 'डिजिटल इंडिया सेल'

Reliance digital
PERSONALISING TECHNOLOGY
digital INDIA SALE

रिलायंस डिजिटल अपने बहुप्रतीक्षित डिजिटल इंडिया सेल के साथ लोगों को टेक्नोलॉजी के साथ सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह मेगा इवेंट 15 अगस्त तक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स की एक विशाल रेंज पर शानदार डील्स और डिस्काउंट्स देने का वादा करता है। डिजिटल इंडिया सेल ग्राहकों को उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर भारी-भरकम 10ङ्म इंस्टंट डिस्काउंट देता है, रु.5000 तक इतना ही नहीं! ग्राहक सभी डेबिट और क्रेडिट कार्ड्स पर अतिरिक्त 5ङ्म के इंस्टंट डिस्काउंट का भी लाभ उठा सकते हैं, रु.3000 तक और अपनी अगली खरीदारी पर पा सकते हैं 10ङ्म का सुनिश्चित डिस्काउंट वाउचर, जिसे अगली ख़रीदारी पर रीडिम किया जा सकता है, जिससे यह सेविंग्स डबल फ़ायदेमंद बन जाती है। और जो लोग UPI ट्रांज़ेक्शन्स का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं, वे 10% का इंस्टंट डिस्काउंट भी पा सकते हैं. इन कैश डिस्काउंट्स के अलावा, रिलायंस डिजिटल के पास विभिन्न श्रेणियों में कुछ शानदार खास ऑफ़र्स ऑफ़र भी हैं. इन शानदार ऑफ़र्स के साथ ही बहुत कुछ का लाभ उठाने के लिए अपने नज़दीकी रिलायंस डिजिटल स्टोर, माय जियो स्टोर पर जाएं, या reliancedigital.in पर लॉग इन करें और एक सरल और सुविधाजनक खरीदारी के अनुभव के साथ एक्सपर्ट असिस्टेंस का लाभ पाएं।

75-इंच HD गूगल TV के साथ अपने मनोरंजन को बनाएं और बेहतर, अब सिर्फ़ रु.69,990/- से शुरू, कैशबैक के बाद. सैमसंग NeoQLED TVs की दुनिया में आएं, रु.99,990/- की शुरुआती क़ीमत में, कैशबैक के बाद और चुनिंदा सैमसंग NeoQLED मॉडल के साथ, आपको रु.44,990/- तक का एक कॉम्प्लीमेंट्री साउंडबार भी मिलेगा।

## पूरी दुनिया, बस एक टैप की दूरी पर

ओप्पो रेनो 10 सीरीज़ को ख़रीदकर इनोवेशन की दुनिया में रखें कदम और बोनस के रूप में पाएं रु. 4999/- का शानदार ब्लूटूथ इयरफ़ोन पाने का मौका, सिर्फ़ रु.499/- की अविश्वसनीय क़ीमत पर. इस मौके का भरपूर लाभ उठाएं और आज ही अपना ओप्पो रेनो 10 सीरिज़ घर ले आएं!

ऐप्पल, आईपैड की दुनिया में शामिल हो जाएं, अब रु.1167/- प्रति माह से शुरू अविश्वसनीय रूप से कम क़ीमत पर. चाहे यह काम के लिए हो, क्रिएटिविटी के लिए हो, या मनोरंजन के लिए, ये अत्याधुनिक डिवाइसेस एक शानदार और बेहतरीन अनुभव देते हैं.

## काम बन जाए और भी मज़ेदार

लैपटॉप पर शानदार ऑफ़र के साथ अपने कम्प्यूटिंग अनुभव को और बेहतर बनाएं. HP एन्वी क्रिएटर लैपटॉप सिर्फ़ रु.57,499*/- से शुरू (एक्सचेंज लाभ, कैशबैक और प्रोमो के बाद की क़ीमत). दमदार परफ़ॉर्मेंस और स्लीक डिज़ाइन, जो आपके काम और मस्ती करने के तरीके को देगा एक नई परिभाषा. आज ही HP एन्वी में अपग्रेड करें!

## ताज़गी को फ़्रीज़ करें

साइड-बाय-साइड रेफ़्रिजरेटर रेंज के साथ सुविधा और स्टाइल की नई दुनिया में आ जाएं, जो अब उपलब्ध है सिर्फ़ रु. 51,990/-* के शुरुआती दाम में भरपूर स्टोरेज, एडवांस्ड फ़ीचर्स और मॉडर्न डिज़ाइन का अनुभव करें, जो आपकी लाइफ़स्टाइल पर पूरा खरा उतरे।

## पहले कभी न मिला होगा म्युज़िक का ऐसा एहसास

ले आएं शानदार ऐप्पल एयरपॉड्स प्रो 2nd जनरेशन, जिसकी ओरिजनल क़ीमत है रु. 26,900/- जो अब उपलब्ध है सिर्फ़ रु.23,999/-* में, कैशबैक को मिलाकर खुदको लाजवाब साउंड और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की ऐसी दुनिया में ले जाएं जो सिर्फ़ ऐप्पल ही दे सकता है।

## अपनी फ़िटनेस पर रखें नज़र

खास वीयरेबल ऑफ़र के साथ फ़िटनेस की दुनिया में कदम रखें! शानदार ऐप्पल वॉच S8 के साथ अपनी फ़िटनेस और स्टाइल को बनाएं और भी बेहतर, जिसकी ओरिजनल क़ीमत है रु. 45,900/-, जो अब उपलब्ध है सिर्फ़ रु.33,249/-* में.

## कपड़ों को रखें खुश

अपनी मनपसंद चुनिंदा फ्रंट लोड या टॉप लोड वाशिंग मशीन खरीदें और एक शानदार बोनस का लाभ उठाएं - एक मुफ्त मिक्सर ग्राइंडर या ट्रू वायरलेस ईयरबड पाएं. साथ ही, और भी बेहतर फ़ायदेमंद डील्स के लिए अतिरिक्त बैंक कैशबैक का लाभ उठाएं। अत्याधुनिक अप्लायंसेस और अतिरिक्त सुविधाओं के साथ कपड़े धोने के अपने अनुभव को और बेहतर बनाएं।

## नियम व शर्तें लागू, सभी ऑफ़र्स और क़ीमतों पर

रिलायंस डिजिटल के बारे में- रिलायंस डिजिटल, इंडिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर है, जो मौजूद है लार्ज फॉर्मेट वाले 590+ रिलायंस डिजिटल स्टोर्स और 1800+ माय जियो स्टोर के साथ 800 से भी ज्यादा शहरों में, जो देश के कोने-कोने में ग्राहकों को अपनी सेवाएं प्रदान करता है और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी को अपनाना सभी के लिए आसान बनाता है। 300 से ज्यादा इंटरनैशनल और नैशनल ब्राण्ड्स और बेहतरीन कीमतों पर 5000 से ज्यादा प्रॉडक्ट्स के साथ, रिलायंस डिजिटल के पास ग्राहकों को उनकी लाइफस्टाइल के हिसाब से एक सही टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन के लिए सही मॉडल्स की सबसे बड़ी चॉइस देता है। रिलायंस डिजिटल में, हर स्टोर पर ट्रेनिंग प्राप्त और गहरी जानकारी रखनेवाले कर्मचारी ग्राहकों को हर प्रॉडक्ट की छोटी से छोटी हर बात के बारे में सलाह देने के लिए तत्पर रहते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रिलायंस डिजिटल अपने सभी प्रॉडक्ट्स के लिए आफ़्टर-सेल्स सर्विस भी देता है। रिलायंस रेसक्यू, रिटेलर की सर्विस इकाई और भारत का एकमात्र ISO-9001 प्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विस ब्राण्ड है, जो पूरे सप्ताह सहयोग और एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करने के लिए तैयार रहता है।

खरीदारी में आसानी के लिए, ग्राहक किसी भी रिलायंस डिजिटल स्टोर पर जा सकते हैं या www.reliancedigital.in पर लॉग इन कर सकते हैं, जो इंस्टा डिलिवरी (3 घंटे से कम समय में डिलिवरी) और अपने नज़दीकी स्टोर से स्टोर पिक-अप की सुविधा देते हैं।

Scanned by TapScanner